मुख्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम

पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110002

www.esic.nic.in

संख्या : एफ-13/12/12/2016-ज.सं. दिनांक : 17 जून, 2016

प्रेस प्रकाशनी

क.रा.बी. निगम ने क.रा.बी. योजना के अंतर्गत व्याप्त लगभग 1.00 करोड़ कामगारों की निवारक स्वास्थ्य जांच के लिए अपने अस्पतालों को आदेश दिया है

बीमाकृत व्यक्तियों के लिए वार्षिक निवारक स्वास्थ्य जाँच की शुरुआत

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने सभी क.रा.बी. निगम/क.रा.बी. योजना अस्पतालों तथा सुसज्जित क.रा.बी. औषधालयों में 40 वर्ष या उससे अधिक आयु के बीमाकृत व्यक्तियों (आइ.पी.) के लिए वार्षिक निवारक स्वास्थ्य जांच का प्रारंभ कर बीमाकृत व्यक्तियों (आइ.पी.) को स्वस्थ रखने तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखने के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होने वाली स्वास्थ्य पहल आरंभ की। कर्मचारियों का एक बड़ा वर्ग हानिकारक औद्योगिक वातावरण या जोखिमभरे कार्यस्थल पर कार्य कर रहा है; तथा कर्मचारियों के एक संख्या बल को इन व्यावसायिक खतरों के कारण विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। प्रारंभ में, बीमाकृत व्यक्ति इन स्वास्थ्य समस्याओं को नज़रअंदाज करते हैं, परंतु बाद में यह समस्या गंभीर रोग में बदल जाती है तथा उनकी अर्जन क्षमता में बाधा डालती है।

उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखने के लिए वार्षिक निवारक स्वास्थ्य जांच के आदेश मुख्यालय द्वारा देशभर के सभी 151 क.रा.बी. अस्पताल को दिए गए हैं। इन वार्षिक निवारक स्वास्थ्य जांचों में नित्य सामान्य शारीरिक/नैदानिक जांच के अलावा निम्नलिखित मुख्य जांच की जाएंगी:-

1. एचबी, टीएलसी, डीएलसी, ईएसआर
2. यादृच्छिक रक्त शर्करा
3. वृक्क कार्य जांच–रक्त यूरिया, एस.क्रिएटिनिन
4. यकृत कार्य जांच–एस. बिलिरुबिन, एसजीओटी, एसजीपीटी, एस.अल्क फॉस्फेट
5. मूत्र- रूटीन तथा माक्रोस्कोपी
6. एक्स-रे- चेस्ट-पीए व्यू
7. ईसीजी

निवारक स्वास्थ्य जांच के पश्चात् प्रत्येक बीमाकृत व्यक्तियों के स्वास्थ्य प्रोफाइल/रिकार्ड को इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकार्ड में अपलोड किया जाएगा, जिससे चिकित्सकों के साथ रोगियों को भी अपना चिकित्सा इतिहास जानने में आसानी होगी। इस बीमाकृत व्यक्ति कल्याण केंद्रित कदम से स्वस्थ कार्यबल सुनिश्चित हो सकेगा जो कि उनके संबंधित क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने तथा देश की संपूर्ण अर्थव्यवस्था में योगदान देगा।

क.रा.बी. योजना के अंतर्गत लगभग 2.10 करोड़ बीमाकृत व्यक्ति आते हैं। एक अनुमान के अनुसार क.रा.बी. योजना की वेतन संरचना, रोजगार क्षेत्र, भौगोलिक सीमा आदि की दृष्टि से 40 वर्ष तथा अधिक आयु वर्ग के लगभग 1.00 करोड़ बीमाकृत व्यक्ति (आइ.पी.) हैं।

(आर.के. गौतम)

संयुक्त निदेशक(ज.सं.)